BRAMPTON

**Media Release**

तुरंत रिलीज के लिए

# ओनटैरियो का बिल्कुल नया मेडिकल स्कूल, , टी.एम.यू. स्कूल ऑफ मेडिसिन सिटी ऑफ ब्रैम्पटन के ब्रैमली सिविक सेंटर में होगा

ब्रैम्पटन, ओनटैरियो (27 जनवरी, 2023) – आज, सिटी ऑफ ब्रैम्पटन, ओनटैरियो सरकार और टोरोंटो मेट्रोपॉलिटन यूनिवर्सिटी (टी.एम.यू.) (Toronto Metropolitan University) (TMU) ने घोषणा की कि ब्रैम्पटन में 150 सेंट्रल पार्क ड्राइव (150 Central Park Drive) में नया टोरोंटो मेट्रोपॉलिटन यूनिवर्सिटी स्कूल ऑफ मेडिसिन (Toronto Metropolitan University School of Medicine), सिटी के ब्रैमली सिटी सेंटर (Bramalea Civic Centre) में होगा।

कार्यनीतिक तौर पर सिविक सेंटर, सिटी के हेल्थ और लाइफ साइंसेज क्लस्टर के अंदर स्थित है और इसका चुनाव, ब्रैम्पटन सिविक (Brampton Civic) और पील मेमोरियल अस्पतालों (Peel Memorial Hospitals), दोनों से इसकी निकटता के साथ-साथ, म्युनिसिपल ट्रांसपोर्टेशन, गो ट्रांजिट (GO transit) और हाईवे सिस्टमों तक इसकी सुलभता के लिए की गई थी। यह जगह, स्कूल ऑफ मेडिसिन बनाने के लिए स्थान संबंधी जरूरतों को भी पूरा करती है, जिसे क्लासरूम्स, कार्यालयों, रिसर्च फैसिलिटीज और एक इंटीग्रेटिड हेल्थ क्लीनिक के लिए 250,000 स्कवेयर फुट की जरूरत होगी। सिटी ऑफ ब्रैम्पटन, स्कूल ऑफ मेडिसिन की प्रोग्रामिंग और ऑपरेशंस के लिए आवश्यक बिल्डिंग पुनर्निमाणों की सहायता के लिए 20 मिलियन डॉलर की फंडिंग का निवेश करेगी।

टी.एम.यू. स्कूल ऑफ मेडिसिन ने, सौ वर्षों में जी.टी.ए. (GTA) में पहले नए मेडिकल स्कूल के तौर पर पहचान बनाई है और ब्रैम्पटन को कम्युनिटी-आधारित मेडिकल स्कूल की जगह बनाया है, जो समावेश, इनोवेशन और प्राइमरी केयर पर केंद्रित है।

ब्रैम्पटन में एक मेडिकल स्कूल की स्थापना करना, सिटी के जारी एडवोकेसी कार्य का महत्वपूर्ण हिस्सा रहा है। 2021 में, ब्रैम्पटन सिटी काउंसिल ने 1 मिलियन डॉलर की प्लानिंग ग्रांट के पक्ष में वोट दी थी (Brampton City Council voted in favour of a $1 million planning grant), जो शहर में भविष्य के स्कूल ऑफ मेडिसिन के लिए फंड में मदद करने के लिए थी, यह उस वर्ष के शुरू में ओनटैरियो प्रांत के द्वारा निवेश की गई (invested by the Province of Ontario) फंडिंग से मेल खाती है। मार्च 2022 में, ओनटैरियो सरकार ने अधिक मजबूत, अधिक स्थिर हेल्थकेयर सिस्टम बनाने के लिए मेडिकल स्कूल एजुकेशन के विस्तार के लिए अपनी योजनाओं की घोषणा की थी (the Government of Ontario announced its plans for expanding medical school education to build a stronger, more resilient healthcare system), जिसमें शामिल है, ब्रैम्पटन में टी.एम.यू. यूनिवर्सिटी स्कूल ऑफ मेडिसिन के लिए 80 अंडरग्रैजुएट सीटें और 95 पोस्टग्रैजुएट पोजीशन्स, जब यह 2025 में खुलेगी।

ब्रैम्पटन में स्कूल ऑफ मेडिसिन के लिए एक साझा दृष्टिकोण, रोजर्स साइबरसिक्योर कैटालिस्ट (Rogers Cybersecure Catalyst) और ब्रैम्पटन वेंचर ज़ोन (Brampton Venture Zone) सहित, यूनिवर्सिटी और सिटी ऑफ ब्रैम्पटन के बीच में मौजूदा साझेदारियों पर आधारित है।

स्कूल ऑफ मेडिसिन के बारे में अधिक जानकारी के लिए, https://www.torontomu.ca/school-of-medicine/ पर जाएं।

**फेयर डील फॉर ब्रैम्पटन**

22 जनवरी, 2020 को, सिटी ऑफ ब्रैम्पटन ने हेल्थकेयर एमरजेंसी की घोषणा की थी और अपने एडवोकेसी अभियान, "फेयर डील फॉर ब्रैम्पटन" ("Fair Deal for Brampton") की शुरूआत की थी – इसमें ब्रैम्पटन के हेल्थ केयर अंतर को दूर करने के लिए प्रांत से अतिरिक्त फंडिंग का अनुरोध किया गया था। यह घोषणा और पील मेमोरियल का विस्तार, ब्रैम्पटन में हेल्थकेयर एमरजेंसी की तरफ ध्यान देने में मदद करता है और सुनिश्चित करेगा कि हेल्थकेयर प्रैक्टिशनरों की अगली पीढ़ी को शहर में लोकल तौर पर ट्रेनिंग दी जा सके।

**हवाले**

"ब्रैम्पटन के लिए आज बहुत बड़ा दिन है क्योंकि हम सौ वर्षों में जी.टी.ए., में सिविक सेंटर में पहले मेडिकल स्कूल की घोषणा कर रहे हैं! ब्रैम्पटन स्कूल ऑफ मेडिसिन बनाकर, हम ऐसा हेल्थकेयर सिस्टम बना रहे हैं, जो लोकल प्रतिभा को विकसित करता है और मेडिकल सेक्टर में आर्थिक वृद्धि पैदा करता है। यह स्कूल और पील मेमोरियल के आधार पर बनने वाला सिटी का दूसरा अस्पताल, ब्रैम्पटन में हेल्थकेयर एमरजेंसी की तरफ ध्यान देने में मदद करेगा और सुनिश्चित करता है कि हेल्थकेयर प्रैक्टिशनरों की अगली पीढ़ी को यहां शहर में ही लोकल तौर पर ट्रेनिंग दी जा सके। यह हमारी सिटी के लिए बड़ी सफलता है और मैं खास तौर पर काउंसलर सैन्टोस और काउंसलर सिंह का धन्यवाद करना चाहता हूं, जिन्होंने विपक्ष होने के बावजूद पिछले चार वर्षों से, हमारे निवासियों के लिए अतिरिक्त पोस्ट-सेकंडरी विकल्पों के इस सपने पर कभी भी हार नहीं मानी।"

- *पैट्रिक ब्राउन (Patrick Brown), मेयर, सिटी ऑफ ब्रैम्पटन*

"सौ वर्षों में जी.टी.ए. में पहले मेडिकल स्कूल के लिए ब्रैम्पटन का चयन होना, हमारी कम्युनिटी के लिए एक शानदार सफलता है। कैनेडा की सबसे तेजी से बढ़ने वाली और सबसे अधिक युवा आबादी वाले शहरों में से एक के तौर पर, पोस्ट सेकंडरी अवसरों का विस्तार करना और हेल्थकेयर सिस्टम बनाना, हमारी काउंसिल और निवासियों के लिए मुख्य प्राथमिकताएं हैं। सिटी के स्टाफ ने हमारे निवासियों के लिए उचित और बराबरी वाली हेल्थ केयर सुरक्षित करने के लिए काउंसिल की हिमायत को सक्रिय तौर पर आगे बढ़ाया है और ब्रैम्पटन स्कूल ऑफ मेडिसिन को सुरक्षित करना, इस सफर में एक बड़ी उपलब्धि है।"

- *मार्लोन कैलीडीन (Marlon Kallideen), चीफ एडमिनिस्ट्रेटिव अफसर, सिटी ऑफ ब्रैम्पटन*

"हमारे साझेदारों, सिटी ऑफ ब्रैम्पटन और टोरोंटो मेट्रोपॉलिटन यूनिवर्सिटी को, दशकों से ओनटैरियो में पहले नए मेडिकल स्कूल को बनाने के इस अगले कदम के लिए बधाई हो। चूंकि हमारी सरकार हमारे हेल्थ केयर इंफ्रास्ट्रक्चर को बनाने और इसका विस्तार करने के लिए ऐतिहासिक निवेश कर रही है, टी.एम.यू. का नया स्कूल ऑफ मेडिसिन यह सुनिश्चित करने में मदद करेगा कि हमारे पास — ब्रैम्पटन में, पील रीजन में और पूरे प्रांत में डॉक्टर मौजूद हैं — ताकि ओनटैरियो के निवासियों को आवश्यक बढ़िया किस्म की देखभाल मिल सके, जब भी और जहां भी उन्हें इसकी जरूरत हो।"

- *माननीय डग फोर्ड (Doug Ford), प्रीमियर ऑफ ओनटैरियो*

डिप्टी प्रीमियर और मिनिस्टर ऑफ हेल्थ, सिल्विया जोन्स ने कहा, “मेडिकल पोस्ट सेकंडरी एजुकेशन के विस्तार के लिए यह ऐतिहासिक निवेश, भविष्य के डॉक्टरों और नर्सों को ट्रेनिंग देकर, ओनटैरियो के निवासियों के लिए इनकी खुद की कम्युनिटीज में ही सर्वश्रेष्ठ हेल्थ केयर तक पहुंच को अधिक आसान बनाएगा।” उन्होंने आगे कहा, “यह सुनिश्चित बनाना कि अधिक हेल्थ केयर वर्कर्स, खास एजुकेशन और ट्रेनिंग तक पहुंच सकते हैं, प्रांत के हर कोने में फिजिशियनों और अन्य हेल्थ केयर प्रोफेशनल्स तक पहुंच को बढ़ाने में मदद करेगा।”

- *सिल्विया जोन्स (Sylvia Jones), डिप्टी प्रीमियर और मिनिस्टर ऑफ हेल्थ, ओनटैरियो सरकार*

“हम ब्रैम्पटन और पील रीजन की कम्युनिटी की विविध जरूरतों को पूरा करने के लिए स्कूल ऑफ मेडिसिन बनाने के लिए प्रतिबद्ध हैं और आज, जगह सुरक्षित करने के साथ, हम इसके एक कदम और नजदीक आ गए हैं। मैं हमारे साझेदारों, सिटी ऑफ ब्रैम्पटन और ओनटैरियो प्रांत का, उनके निवेश के लिए बेहद शुक्रगुजार हूं, जो रीजन और प्रांत में मेडिकल एजुकेशन के सुनहरे भविष्य के लिए हमारे साझे दृष्टिकोण पर काम करने में हमारी मदद करेंगे”

- *मुहम्मद लाचेमी (Mohamed Lachemi), प्रेजिडेंट एंड वाइस-चांसलर, टोरोंटो मेट्रोपॉलिटन यूनिवर्सिटी*

-30-

**कैनेडा में सबसे अधिक तेजी से बढ़ने वाले शहरों में से एक के तौर पर, ब्रैम्पटन 70,000 लोगों और 75,000 कारोबारियों का घर है।** हम जो भी करते हैं, लोगों को ध्यान में रखते हुए करते हैं। हम अपने विविध समुदायों से उत्साहित होते हैं, हम निवेश को आकर्षित करते हैं और हम तकनीक और वातावरण संबंधी नवीनता को आगे बढ़ाने के सफर पर हैं। हम एक ऐसा स्वस्थ शहर बनाने में प्रगति के लिए सहभागिता करते हैं, जो सुरक्षित, स्थिर व सफल हो। हमारे साथ Twitter, Facebook, और Instagram पर जुड़ें। www.brampton.ca पर और जानें।

**मीडिया संपर्क**
सिटी ऑफ ब्रैम्पटन मल्टीकल्चरल मीडिया
multiculturalmedia@brampton.ca